मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-491
28/12/2019

मुख्यमंत्री ने गंगाजल उद्वह योजना के तहत घोड़ाकटोरा के पास जलाशय निर्माण स्थल का किया एरियल सर्वे एवं स्थल निरीक्षण

पटना, 28 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज शेखपुरा में जल–जीवन–हरियाली जागरूकता अभियान कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत गंगाजल उद्वह योजना के तहत घोड़ा कटोरा के पास प्रस्तावित जलाशय निर्माण स्थल का एरियल सर्वे एवं स्थल निरीक्षण किया।

अधिशेष नदी जल क्षेत्र से जल की कमी वाले क्षेत्रों में जल ले जाने की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत बरसात के महीने में गंगा नदी का जल पाइप लाइन के माध्यम से राजगीर, नवादा एवं गया तक पहुंचाया जाएगा।

जल के संचय के लिए घोड़ा कटोरा के पास पहाड़ी के किनारे एवं पंचाने नदी के बीच लगभग 350 एकड़ क्षेत्रफल में जलाशय बनाया जायेगा।

निरीक्षण स्थल पर जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस ने मानचित्र के माध्यम से इस परियोजना के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री रवि ज्योति कुमार, विधायक श्री चंद्रसेन प्रसाद, विधायक डॉक्टर सुनील कुमार, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नालंदा सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

******